राजेश चौधरी (बि०प्र०से०)
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

बिहार सरकार

आयुक्त कार्यालय,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया
फोन नं0- 06454-243198
ईमेल आई०डी०-divcom-purnea-bih@nic.in

—::आदेश::—

आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया के न्यायालय में दायर वादों के समुचित प्रबंधन एवं अनुश्रवण तथा पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को सुविधा हेतु Court Case Management System लागू करने का निर्णय लिया गया है एवं इस कार्य हेतु श्री श्याम मोहन दूबे, आई0टी0 मैनेजर को प्राधिकृत किया गया है। यह सॉफ्टवेयर NIC दिल्ली के द्वारा आई0टी0 मैनेजर के कम्प्यूटर में इन्सटॉल किया गया है एवं वादों की इन्ट्री इसी कम्प्यूटर पर किया जाना है। श्री दूबे द्वारा सेवा अपील, आँगनबाड़ी तथा आपूर्ति वादों की इन्ट्री की जायेगी।

वादों की अधिकता एवं इस व्यवस्था को जल्द से जल्द कार्यालय में लागू करने तथा एक माह में सभी वादों का Backlog इन्ट्री हेतु दो कम्प्यूटर ऑपरेटर/कार्यपालक सहायक को निम्न व्यवस्था के साथ अपने-अपने कार्यो के अतिरिक्त इस कार्य हेतु प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर के साथ संबंद्ध किया जाता है :-

1. श्री पंकज कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर — आर्बिट्रेशन वादों का इन्ट्री।
2. श्री कौशल कुमार, कार्यपालक सहायक — राजस्व एवं आर्म्स अपील।

2. इस कार्य में प्रमंडलीय पेशकार श्री सोनू कुमार, श्री तरूण कुमार सिंह एवं श्री दीनानाथ मंडल अपने-अपने पटल के वादों की इन्ट्री सिस्टम में करवायेंगे।

3. प्रमंडलीय आई0टी0 मैनेजर द्वारा प्रतिदिन इन कार्यों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जायेगा।

4. आदेश पर आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त है।

5. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह०-

आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 2194 दिनांक 12-7-22

प्रतिलिपिः-सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः-सभी संबंधित सहायक/आई0टी0 मैनेजर/कम्प्यूटर ऑपरेटर/कार्यपालक सहायक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।